दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुये सड़क हादसे में भाई-बहन सहित तीन की मौत

बुर्जा गांव के पास एक्सप्रेस-वे पर मिट्टी से भरे डंपर से ट्रक के पीछे से टकराने से हादसा हुआ

- तेज रफ्तार और जोरदार टक्कर के कारण ट्रक का केबिन बुरी तरह पिचक गया, जिससे तीनों बाहर नहीं निकल सके

अलवर, (निसं)। जिले के बड़ौदामेव थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में भाई-बहन सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा एक्सप्रेस-वे के चैनल नंबर 86/100 पर बुर्जा गांव के पास रात करीब एक बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीनों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही एनएचएआई की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ौदामेव ले जाया गया। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान आंसू सिंह (20) पुत्र कमल सिंह, सलोनी सिंह (18) पुत्री कमल सिंह और विकास कुमार (31) पुत्र अब्बल सिंह के रूप में हुई है। तीनों मूल रूप से जयपुर जिले के ग्राम टीगरिया के रहने वाले थे और वर्तमान में सांगानेर क्षेत्र में रह रहे थे। वाहन चालक विकास कुमार उत्तर प्रदेश के नगला साकित का निवासी बताया गया है।

परिजनों के अनुसार सलोनी सिंह फरीदाबाद में होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रही थी। उसका भाई आंसू सिंह उसे फरीदाबाद छोड़ने जा रहा था। विकास कुमार ट्रक चला रहा था। इसी दौरान बुर्जा गांव के पास एक्सप्रेस-वे पर आगे चल रहे मिट्टी से भरे डंपर से ट्रक पीछे से जा टकराया। तेज रफ्तार और जोरदार टक्कर के कारण ट्रक का केबिन बुरी तरह पिचक गया, जिससे तीनों बाहर नहीं निकल सके। सुबह करीब 10 बजे मृतकों के परिजन सीएचसी बड़ौदामेव पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए।

सिंघाना में दूध के टैंकर में घुसी कार, दो महिलाओं की मौत, पांच गंभीर घायल

- सिंघाना थाना क्षेत्र में गाड़ाखेड़ा के पास हुआ सड़क हादसा, नूंह मेवात के बताए जा रहे हैं कार सवार
- हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई

सिंघाना, (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर गाड़ाखेड़ा के पास झुंझुनूं-सिंघाना मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में वैगनआर कार सवार दो महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही सिंघाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 3:30 बजे गाड़ाखेड़ा और भैसावता कलां के बीच सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि चिड़ावा की ओर से सिंघाना आ रही एक वैगनआर कार सामने चल रहे दूध के टैंकर में पीछे से जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार में सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए राजकीय अस्पताल, चिड़ावा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए झुंझुनूं रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में कार सवार सभी लोग हरियाणा के नूंह (मेवात) क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। हालांकि, देर शाम तक मृतकों और घायलों की औपचारिक पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस उनकी शिनाख्त और परिजनों से संपर्क करने के प्रयास में जुटी हुई है। दोनों मृतक महिलाओं के शवों को केसीसी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव सुपुर्द किए जाएंगे।

हादसे के कारण झुंझुनूं-सिंघाना मार्ग पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वैगनआर और दूध के टैंकर को हटाकर गाड़ाखेड़ा चौकी पहुंचाया, जिसके बाद सड़क पर यातायात को सुचारू कराया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

- पीटीआई के खिलाफ पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

बीदासर, (निसं)। साण्डवा थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल की 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शारीरिक शिक्षक (पीटीआई) के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 30 जुलाई को छात्रा स्कूल गई थी। दोपहर में आधी छुट्टी के दौरान आरोपी पीटीआई सहीराम दूसाद निवासी बैरासर ने छात्रा को इशारे से पास की गली में बुलाया। आरोप है कि वह छात्रा को बहला-फुसलाकर और दबाव बनाकर अपनी मोटरसाइकिल पर अपने घर ले गया, जहां उसने कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

क्लास में छात्रा के न लौटने पर सहपाठियों की सूचना के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की। दोपहर करीब 12:30 बजे छात्रा डरी-सहमी और घबराई हालत में घर पहुंची तथा परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। घटना के विरोध में आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश कर स्कूल का गेट खुलवाया।

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए प्रकरण की जांच सुजानगढ़ के वृत्ताधिकारी (डीएसपी) दरजाराम बोस को सौंपी गई है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाने तथा न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि दर्ज एफआईआर के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है और तथ्यों की पुष्टि के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

युवक को सांप ने काटा

अलवर, (निसं)। अलवर के टहला थाना क्षेत्र के थाना गांव में एक युवक को सांप ने पैर में डस लिया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने पहले तो सांप को मौके पर ही मार डाला, फिर युवक के साथ मरे हुए सांप को भी थैली में लेकर अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल पहुंचकर परिजनों ने डॉक्टर से कहा कि साहब इसी सांप ने दुर्गादास (30) को काटा है। हम इसे इसलिए साथ लाए हैं ताकि आपको पता चल सके कि यह जहरीला है या नहीं, और उसी हिसाब से सही एंटी वेनम दिया जा सके ताकि इलाज में कोई चूक न हो।

डॉक्टर ने कहा कि परिजनों की सजगता से दुर्गादास को समय पर इलाज मिल गया। जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत युवक का उपचार शुरू किया। फिलहाल मरीज को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

कार्यालय नगर पालिका सीसवाली जिला बारां (राज.)
E-Mail Id - npsiswali@gmail.com
क्रमांक. न.पा.सी./2026-27/1275-1276 दिनांक - 27.07.2026
Corrigendum
कार्यालय नगर पालिका सीसवाली द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या नपासी/2026-27/1261-65 दिनांक 24.07.2026 के माध्यम से जारी निविदा डाउनलोड एवं अपलोड़ दिनांक 25.07.2026 से 04.08.2026 तक सांय 5 बजे तक है। संवेदक द्वारा ऑन-लाईन E-Proc पोर्टल पर टेण्डर/निविदा में भाग लेने के पश्चात् पालिका कोष में धरोहर, निविदा शुल्क, MD-RISL प्रोसेसिंग शुल्क जमा राशि व निविदा रिसिप्ट/रसीद/कॉपी मय फर्म जानकारी के साथ पालिका में दिनांक 05.08.2026 को प्रातः 11 बजे तक जमा करवाया जाना सुनिश्चित् करें अन्यथा संवेदक को निविदा में भाग लेने से वंछित कर दिया जावेगा। शेष शर्तें यथावत् रहेगी।
राज.संवाद/सी/26/8119 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर पालिका, सिवाना (जिला-बालोतरा)
क्रमांकः नपासि/विकास/2026/538 दिनांकः 16.07.2026
ई-निविदा सूचना सं 03/2026-27
नगर पालिका सिवाना क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो हेतु क्रेन्द्र एवं राज्य सरकार के विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदकों से ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड, पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर जरीये यूबीएन नं. DLB2627WSOB12047, 12049 द्वारा देखी जा सकती है तथा बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
राज.संवाद/सी/26/8112 प्रशासक नगर पालिका सिवाना अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सिवाना

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
टोडरमल लेन, विंडिल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749
क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 23608952 दिनांक :- 29/07/2026
ई-निविदा सूचना संख्या 20/2026-27
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों अनुमानित लागत राशि रु. 1633.33 लाख की ई-निविदा क्रम संख्या (1-2) दिनांक 17.08.2026 एवं सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in, http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।
UBN No. : AJD2627SLOB00119, AJD2627WLOB00120
राज.संवाद/सी/26/8172 अधिशाषी अभियन्ता

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
दिनांक :- 30/07/2026
ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
e- Tender no. RSMM/CO/GGM (Cont)/Cont-14/2026-27 Dated 29.07.2026 UBN No. MML262SLOB00093	आरएसएमएमएल संस्थान के कॉरपोरेट कार्यालय, उदयपुर एवं इसके अधिन विभिन्न कार्यालयों पर अनुबंध के आधार पर सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराने का कार्य। (निविदानुसार) कुल अनुमानित लागतः रू. 56.50 लाख, धरोहर राशिः रू. 1.13/- लाख, निविदा प्रपत्र मूल्य 1180/-

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा वरि. प्रबन्धक (अनुबन्ध) से उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/26/8231 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) पूगल रोड़, बीकानेर
Telephone No. 01512942447 E-mail ID- kums.pugalroad@rajasthan.gov.in
क्रमांकः-RajKaj 23609208 दिनांकः-24.07.2026
विज्ञप्ति
समस्त बैंक प्रबंधकों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) पूगल रोड़, बीकानेर के मण्डी प्रांगण में बैंक भवन निर्मित है। वर्तमान में डी.एल.सी दर के अनुसार भवन का किराया 89791/- रू. प्रतिमाह की दर से किराये पर दिया जाना है। प्रत्येक 5 वर्ष पश्चात नियमानुसार बी.एस.आर. की दर अनुसार अथवा मण्डी समिति/निदेशालय/राज्य सरकार के निर्देशानुसार किराये में वृद्धि हो सकेगी। अतः इच्छुक बैंक भवन किराये पर लेने हेतु अपना प्रार्थना-पत्र इस कार्यालय में 15 दिवस के अन्दर-अन्दर प्रस्तुत करें।
राज.संवाद/सी/26/8259 सचिव

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राज0) फैक्स नं :- 0151-2226906, फोन नं :-0151-2226902, 0151-2226905,
EMAIL ADDRESS :- nagarnigambikaner@gmail.com,Website :- bikanermc.org
क्रमांकः/अन्य राजस्व/2026-27/7113 दिनांकः 27.07.2026
ई-निविदा सूचना संख्या 02/2026-27/अन्य राजस्व
नगर निगम बीकानेर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतू पजीकृत फर्म/संस्था/ सम्भरणकर्ता जो कार्य करने/सामग्री सम्भरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती है।
कार्य की अनुमानित लागत (राशि रूपये 15.00 लाख), निविदा प्राप्त करने की दिनांक/निविदा शर्ते इत्यादि का सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाइट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योंरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।
1. UBN Code :- DLB2627WSOB12034
राज.संवाद/सी/26/8151 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

THE RAJASTHAN SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.
(A Government of Rajasthan Undertaking)
CORRIGENDUM
NIB Number : 15/2026-27 | UBN : RSI2627SLOB00014
Bids are invited for the Procurement of Services of "Strategic Business Promoter to Equip, Operate, Manage & Transfer Business Services at ICD, Bhilwara from the eligible and experienced bidders.
As per suggestions received in Pre-Bid meeting held on 08.07.2026, Bid document have been amended as per Pre-bid minutes. Therefore, the bid submission date has been extended till 2.00 PM on 05.08.2026. The Bid will be opened on 05.08.2026 at 5.00 PM. Bidder can now submit their bids as per revised dates mentioned in this corrigendum.
Other particulars of the bid remains same and may be viewed on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and the official website of RSIC i.e. https://www.industries.rajasthan.gov.in/rajsico.
Raj.Samwad/C/26/8243 Managing Director

कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राज0)
क्रमांक : नपजा/विकास/2026/2799 दिनांक : 24.07.2026
:: निविदा सूचना 11/2026 ::
यत् नगर परिषद जालोर द्वारा निम्नांकित स्थानों पर सिविल निर्माण कार्य हेतु स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर व राजस्थान प्रदेश में अन्य नगरीय निकायों में पंजीकृत सभी संवेदक अपनी श्रेणी अनुसार तथा अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदार जो ए अथवा एए श्रेणी में पंजीकृत हैं। (पंजीकरण नियम Appendix XVI (Rules 334) Sec II.2 के अनुसार) निर्धारित प्रपत्रा में E-Procurement प्रकिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य एवं ई-निविदाओं के संबंधित विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड व अपलोड एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

Total Work	03 work
Total Amount	50.95 Lac
Nib Code	DLB2627A4824

राज.संवाद/सी/26/8277 आयुक्त नगर परिषद, जालोर

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा
महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा
क्रमांक : एफ () सेट/को.वि.को/2026/116 दिनांक : 31.07.2026
राज्य पात्रता परीक्षा (SET)-2026
अधिसूचना - 05/2026
राज्य पात्रता परीक्षा (SET)-2026 हेतु आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 10 अगस्त, 2026 की जाती है। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in का अवलोकन करें।
समन्वयक

30 लाख के बैंक गबन का मास्टरमाइंड गिरफ्त में

लालसोट, (निसं)। मंडावरी थाना पुलिस ने 30 लाख रुपये के बैंक गबन मामले में चार माह से फरार चल रहे एसबीआई बैंक शाखा मंडावरी के तत्कालीन उप प्रबंधक अशोक कुमार (36) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अलवर जिले के सालवाड़ी, थाना गंज खेड़ली का निवासी है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर गबन से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, परिवादी गिरिराज प्रसाद की शिकायत पर दर्ज मामले की जांच में सामने आया कि 13 नवंबर 2025 को बैंक के कैशियर विनोद कुमार मीणा ने फर्जी वाउचर तैयार कर तत्कालीन सहायक प्रबंधक अशोक कुमार से पास करवाया, जिसके बाद 23 लाख रुपये वीरेंद्र कुमार शर्मा के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। इसके बाद 20 नवंबर 2025 को दोबारा फर्जी वाउचर बनाकर 7 लाख रुपये अंकित कुमार मीणा के खाते में भेज दिए गए। इस तरह कुल 30 लाख रुपये का गबन किया गया। मामले में पुलिस ने 27 मार्च 2026 को कैशियर विनोद कुमार मीणा और संविदाकर्मी वीरेंद्र कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जबकि तत्कालीन उप प्रबंधक अशोक कुमार वारदात के बाद से फरार चल रहा था। मंडावरी थाना पुलिस ने लगातार तलाश और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आखिरकार चार महीने बाद आरोपी अशोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में गबन से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित संलिप्तता की भी गहन जांच जारी है।

बीकानेर में हिस्ट्रीशीटर के कब्जों को तोड़ा

बीकानेर, (निसं)। प्रशासन और पुलिस ने करमीसर में तीन जगहों पर सरकारी जमीन पर किए अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर उसे ढहा दिया। भूमाफियाओं ने बीडीए की करोड़ों रुपए की जमीन पर कब्जा कर रखा था जिसे मुक्त कराया गया। सीओ गंगाशहर हिमांशु शर्मा ने बताया कि करमीसर में राजीव नगर के फ्रंट पर कब्जे किए गए थे। बताया जा रहा है कि अतिक्रमण हिस्ट्रीशीटर और हथियार तस्कर अमीन और हसन तथा एक अन्य व्यक्ति का बताए जा रहे थे। करीब 6 बीघा में किए गए अतिक्रमण तोड़ दिए गए और बीडीए की करोड़ों रुपए की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है।

विदेश भेजने के नाम पर आठ लोगों से 60 लाख रुपए की ठगी

सीकर। सीकर में विदेश भेजने के नाम पर 60 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने 8 जनों को जर्मनी में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित आठ जने जब पासपोर्ट लेकर जयपुर पहुंचे तो वीजा-टिकट फर्जी निकले। पीड़ितों ने जब आपस में संपर्क किया तो पता चला कि उन सबको एक ही एजेंट ने नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। पीड़ितों ने धोद पुलिस थाने में धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने का रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट के अनुसार धोद निवासी सुखाराम, नरेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, पीयूष थालौड़, हनुमान राम, गोपीराम, उम्मेदाराम और भंवरलाल ने एसपी को ज्ञापन दिया था। पीड़ितों का आरोप है कि संपत गढ़वाल ने उन्हें जर्मनी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने सभी पीड़ितों से अलग-अलग खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर करवा लिए और उन्हें दुबई के वीजा व एयर टिकट थमा दिए। जब सभी पीड़ित जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे, तो एयरलाइंस अधिकारियों ने जांच के बाद उनके वीजा और टिकट को फर्जी घोषित कर दिया। ठगी का अहसास होने पर जब पीड़ितों ने आरोपी के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, तो उसका फोन बंद मिला। पीड़ित पीयूष ने बताया कि आरोपी विदेश में नौकरी के दौरान चोट लगने पर क्लेम तक दिलाने का वादा करता था। आरोपी ने केबीआर इंटरनेशनल कंपनी में जॉब लगवाने के नाम पर फर्जी ऑफर लैटर दिए थे। आरोपी ने पीड़ितों से गुड़गांव और दिल्ली के कई अकाउंट्स में पैसे डलवाए, जब बाद में जांच हुई तो उन बैंक अकाउंट्स में कुछ नहीं था। पीड़ितों ने अपने स्तर पर जांच करवाई तो म्यूल अकाउंट निकले। पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत के निर्देश पर धोद थानाधिकारी केदार मल ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच एएसआई पूर्णसिंह को दी गई है। पुलिस अब आरोपी के कॉल डिटेल और बैंक अकाउंट्स की डिटेल्स जुटाकर आरोपी की तलाश में जुटी है।

अश्लील चैटिंग प्रकरण का दूसरा फरार शिक्षक गिरफ्तार

अजमेर/मांगलियावास, (निसं)। पीसांगन क्षेत्र के एक राजकीय विद्यालय में नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील चैटिंग और अनुचित व्यवहार के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी शिक्षक को पुलिस ने शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जा चुका है।

जानकारी के अनुसार छात्राओं ने शिक्षकों के अनुचित व्यवहार की जानकारी अपने परिजनों को दी थी। इसके बाद अभिभावक विद्यालय पहुंचे और शिक्षकों के मोबाइल में कथित रूप से अश्लील चैट मिलने पर मामला गंभीर हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शिक्षकों को अस्पताल भिजवाया। बाद में परिजनों की शिकायत पर पीसांगन थाने में दोनों शिक्षकों के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पाली में एक करोड़ की शराब जब्त

पाली, (नि.सं.)। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मक्के की बोरियों की आड़ में तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब से भरा एक ट्रेलर जब्त किया है। पुलिस ने ट्रेलर में सवार सीकर और लाडनू निवासी दो युवकों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार जब्त शराब की बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर ट्रांसपोर्ट नगर थाने के पास ओवरब्रिज के निकट एक ट्रेलर संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम ने संदेह होने पर ट्रेलर को थाने लाकर पूछताछ की। चालक ने ट्रेलर में मक्के की बोरियां भरी होने की जानकारी दी, लेकिन जब पुलिस ने तलाशी ली तो मक्के की बोरियों के पीछे बड़ी मात्रा में पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के कार्टन छिपाकर रखे मिले। शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने ट्रेलर में मौजूद सीकर और लाडनू निवासी दो युवकों को हिरासत में ले लिया। फिलहाल ट्रेलर से शराब के कार्टन उतरवाने की कार्रवाई जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

किशोरी की मौत

मसूदा, (निसं)। मायला गांव में खेत पर कार्य कर रही एक किशोरी की जहरीले जीव के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय टीना पुत्री रामनिवास अपनी माता नर्बदा के साथ खेत में कृषि कार्य कर रही थी। इसी दौरान किसी जहरीले जीव ने उसे काट लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे मसूदा चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

सड़क हादसे में महिला की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में नेशनल हाईवे-48 पर गोगा मोड़ के पास एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। हादसे में टेम्पो में सवार कई अन्य मजदूर घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब अहमदाबाद से उदयपुर जा रही टमाटर से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप ने मजदूरों से भरे टेम्पो को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन हाईवे पर पलट गए। टेम्पो में सवार मजदूरों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें बिछीवाड़ा अस्पताल ले जाया गया। घायलों में धामोद निवासी रंगीला पत्नी राजेंद्र भगोरा की हालत गंभीर थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

जैसलमेर में ऊंट से टकराकर सेना की टाटा सफारी पलटी, मेजर की मौत

- हादसे में दो लेफ्टिनेंट भी घायल हो गये

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना के युवा अधिकारी मेजर हमजा आरिफ (26) की मौत हो गई, जबकि दो लेफ्टिनेंट गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शहर से करीब 18 किलोमीटर दूर थईयात आर्मी एरिया में रात लगभग 12:30 बजे हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना की टाटा सफारी एसयूवी अचानक सड़क पर आए एक ऊंट से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन अनियंत्रित होकर चार से पांच बार पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सेना के जवान तत्काल बचाव कार्य में जुट गए।

घटना में वाहन चला रहे मेजर हमजा आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ सवार दो लेफ्टिनेंट भी घायल हुए। तीनों को तत्काल सेना के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मेजर हमजा आरिफ को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायल अधिकारियों का उपचार जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मेजर हमजा आरिफ मध्य प्रदेश के निवासी थे और उनकी शादी करीब एक माह पूर्व ही हुई थी। युवा अधिकारी के असामयिक निधन से सेना में शोक की लहर है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में सड़क पर अचानक ऊंट के आने को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। घटना ने एक बार फिर सीमावर्ती क्षेत्र की सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या और रात्रिकालीन यातायात सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सीकर में गर्भवती महिला की चाकू से गला काटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- महिला को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया था, जहां शुक्रवार को तीसरे दिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया
- खून बहने के कारण महिला के गर्भ में पल रही छह महीने की बच्ची की भी पेट में ही मौत हो गई थी

सीकर। सीकर में भाई के डांटने पर गुस्साए पड़ोसी ने घर में सो रही एक गर्भवती महिला का चाकू से गला काट दिया था। आरोपी ने महिला के हाथ-पांव पर भी चाकू से कई वार किए थे। खून बहने के कारण महिला के गर्भ में पल रही छह महीने की बच्ची की भी पेट में ही मौत हो गई थी। महिला को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया था, जहां शुक्रवार को तीसरे दिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कोर्ट ने आरोपी को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी का कुछ दिन पहले महिला के साथ झगड़ा हुआ था। महिला का पति और आरोपी का भाई साथ में काम करते हैं। महिला के पति ने आरोपी के भाई से झगड़े की शिकायत की थी। इसके बाद आरोपी को भाई ने डांट दिया, जिससे वह नाराज हो गया। मामला धोद थाना इलाके के सरवड़ी गांव का है।

सीकर एसपी प्रवीण नायक ने बताया कि धोद थाना इलाके में 28 जुलाई को 6 महीने की गर्भवती प्रियंका (25) अपने 3 साल के बेटे के साथ घर पर थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला सुरेश सैनी वहां आया और उसने चाकू से प्रियंका का गला काट दिया। आरोपी ने महिला के हाथ और पैरों पर भी चाकू से वार किए। वारदात के करीब 10 मिनट बाद जब प्रियंका के पिता प्रहलाद वहां पहुंचे, तो उन्होंने बेटी को खून से लथपथ देखा और तुरंत एसके अस्पताल में भर्ती कराया।

एसपी ने बताया कि 24 घंटे तक प्रियंका का सीकर में इलाज चला, लेकिन शरीर से अत्यधिक खून बह जाने और पेट में पल रही 6 महीने की मासूम बच्चे की मौत होने के कारण उसकी हालत बिगड़ती गई। कोई सुधार न होने पर बुधवार को उसे जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसपी ने बताया कि जयपुर में भी प्रियंका की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उसे जो ब्लड चढ़ाया जा रहा था, वह चोटों के कारण बाहर निकल रहा था और ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल नहीं हो पा रहा था। पेट में बच्चे की मौत से फैले संक्रमण और खून बहने की वजह से शुक्रवार सुबह करीब 11:15 बजे इलाज के दौरान प्रियंका ने दम तोड़ दिया।

एसपी ने बताया कि आरोपी सुरेश सैनी का प्रियंका से झगड़ा हुआ था, जिसकी शिकायत प्रियंका ने अपने पति से की। प्रियंका के पति ने महाराष्ट्र में साथ काम करने वाले सुरेश के भाई से इसकी शिकायत की। भाई ने जब सुरेश को डांटा, तो उसने प्रियंका पर हमले की प्लानिंग बनाई। उसने गांव के ही एक हलवाई से चाकू लिया और 28 जुलाई को मौका पाकर प्रियंका पर हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी अपने घर जाकर कपड़े बदलकर फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे सीकर से ही गिरफ्तार कर लिया। प्रियंका अपने मामले में पिछले 3 महीने से पीहर (मायके) में रह रही थी। प्रियंका की मौत के बाद अब पुलिस इस केस में हत्या (मर्डर) की धारा जोड़ेगी। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस थाने के घेराव की चेतावनी दी है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, उदयपुर
E-mail SEWDSC.UDAIPUR@RAJASTHAN.IN
क्रमांक : एफ ()/ निविदा/लेखा/2026-27/1236 दिनांक : 29.07.2026
ई निविदा सूचना 42-50/2026-27
मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.3 परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत उदयपुर जिले के विभिन्न ब्लॉक (9 पैकेज) में उत्पादन / जलठाहण विकास कार्यों के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 530.22 लाख रुपये दिनांक 07.08.2026 को शाम 5.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती है। बोलियों से संबन्धित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते है।
यूबीएन संख्या : WSC2627WSOB01286, WSC2627WSOB01287, WSC2627WSOB01288, WSC2627WSOB01290, WSC2627WSOB01291, WSC2627WSOB01292, WSC2627WSOB01293, WSC2627WSOB01294 WSC2627WSOB01295
(अनिल सनाढ्